- कामकाजी महिलाए अक्सर रोजगार की तलाश में शहरो की ओर पलायन करती है, जहाँ उन्हें उचित आवासीय सम्बन्धी सुविधाएं नहीं मिल पाती है।

कामकाजी महिलाओं को परिवार और पेशे के बीच में सामंजस्य स्थापित करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यद्यपि समाज ने उनकी उपयोगिता और महत्व को स्वीकार कर लिया है, लेकिन इन्हें जिस पारिवारिक सहारे की जरूरत होती हैं, उससे अधिकतर कामकाजी महिलाएँ आज भी वंचित हैं। महिलाएँ लगातार घर और दफ्तर में कार्य करती हैं लेकिन कोई उनका कुशलक्षेम तक नहीं पूछता। अतः यदि परिजन महिलाओं की हाल/समस्याओं को पुछु उनकी मदत करें तो इससे उनके अन्दर सकारात्मक उर्जा का संचार होगा। जो उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। महिलाएँ सामाजिक व्यवस्था की धुरी होती हैं। इन्हीं से देश का निर्माण होता हैं। अतः इनका स्वास्थ रहना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकती हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

- त्रिपाठी, एम0 (2012) : लिंगीय समाजशास्त्र, ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
- त्रिपाठी, आर0 (2011) : कामकाजी महिलाएँ वास्तविक स्थिति, खुशी पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
- सिंह, वी0एन0, (2010) : आधुनिक एवं महिला सशक्तिकरण, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर
- कपूर, प्रमिला, (1972) : वीमेन इन द होम, इन कमला भसीन, पोजिशन ऑफ वीमेन इन इण्डिया
- कपाड़िया, के0एम0, (1952) : द हिन्दू मैरिज एण्ड द फैमिली, मद्रास, पॉल एण्ड कम्पनी
- देसाई, नीरा, (1957) : वीमेन इन मार्डन इण्डिया, वोरा एण्ड संस कम्पनी, बाम्बे
- दूबे एस0सी0 : मेन्स एण्ड वीमेन्स रोल इन इण्डिया इन वीमेन्स इन द न्यू एशिया, बाराबरा इ वार्ड, यूनेस्को, पेरिस 1963
- चेन्जिंग स्टेटस ऑफ द वर्किंग वीमेन इन इण्डिया

.....

Nav Jyoti, Vol. 9, No. 18, Jan.-June. 2021 ISSN : 2249-7331

स्वछन्दतावाद और हिन्दी साहित्य

डॉ इन्दुरेखा सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष–हिन्दी विभाग,
मदन मोहन मालवीय पेस्टग्रेजुएट कालेज
कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

आधुनिक भारतीय साहित्य में स्वछन्तावाद अत्यंत व्यापक एवं समृद्ध साहित्यिक प्रवृति है। मूलतः यह प्रवृत्ति भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की मुक्ति आकांक्षा, व्यक्ति स्वतंत्रय भावना के प्रेरणास्रोतों से गहराई से जुड़कर प्रस्फुटित होती है। प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम (1857 ई0) के बाद नए सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक साहित्यिक आंदोलनो के उदय से सभी प्रकार के बंधनों के प्रति विद्रोह की जो देशव्यापी पुकार उठी थी उसी शक्ति या ऊर्जा से यह प्रवृत्ति निचन्न होती है। इस नवजागरण के परिवेश में सब कुछ को बदलने सुधारने तथा नवनिर्माण की संकल्प भावना से स्वच्छन्द सृजनात्मक को उगने का अवसर था। एशिया में स्थिति–परिस्थिति की टकराहट और संघर्ष से जो नवजागरण आया था, उसका प्रकाश भारत में तेजी से फैलने लगा था। फलतः हमारे जीवन और साहित्य में नए मूल्यों और नये सृजन के प्रति लगाव बढ़ा। पश्चिम में अठ्ठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में जो विशाल सृजन आंदोलन पुराने रीतिवाद–अभिजात्यवाद के बंधनों को तोड़कर उठा था उसे रोमंटिसिज्य नाम दिया गया है। ठीक उसी ढंग का विशाल सृजन आंदोलन भारतीय भाषाओं में बीसवीं शताब्दी में उठा खड़ा हुआ जिसमें साहित्य के पुराने रीतिवाद के प्रतिखुला विद्रोह था। इसे विद्वानों ने उचित ही देशी स्वछंदतावाद नाम दिया है।

ध्यान में रखने की विशेष बात यह है कि भारतीय स्वछंदतावाद पश्चिमी रोमांटिसिज्य से प्रभावित होने पर भी उसकी नकल या अनुकरण नहीं है, क्योंकि स्वच्छंदता तथा रोमेंटिसिज्य दो भिन्न देशा भिन्न कालों, भिन्न परम्पराओं भिन्न परिवेश की अपनी–अपनी भीतरी–बाहरी जरूरत से जन्मी साहित्यिक प्रवृत्ति है। मूल अंतर यह थी है कि पश्चिमी रोमेंटिसिज्म इटली और यूनान से फ्रांस, जर्मनी और इंगलैड के प्रभावों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए उठा था और वहाँ क्लासिकी काव्यप्रवृत्ति के प्रति विद्रोह प्रकट करने वाला ही रोमांटिक कहलाया। फ्रांसीसी राज्यक्रांति तथा नये वैज्ञानिक अविष्कारों की शक्ति भी इसमें निहित थी और यह औद्योगिक क्रान्ति की लपटों से भी पैदा होने को विवश हुआ था। अतीत मोह के साथ अवसाद–पीड़ा इसका मूलस्वर रहा। किन्तु हमारा भारतीय स्वछन्दता बाद स्वाधीनता आंदोलन के भीतर उल्हास उत्साह की प्रेरणा पाकर जन्म था, फलतः इसमें आस्था, आनंद तथा अद्भुत तत्वों को लेकर पनपने की बलवती स्पृहा रही है। यहाँ की स्थितियाँ ऐसी थी कि मृत्यु अवसाद व्यथा आदि से पश्चिमी रोमेंटिसिज्म की भाँति भारतीय स्वछन्दतावाद पैदल हो सकता था। फिर भारतीय स्वछन्दतावाद कालिदास, व्यास, भवभूति बाल्मीकि की सौन्दर्य सृजन परम्परा मध्ययुगनी संतो की अमृतवाणी का जल सूफी प्रेम काव्यों की प्रेमभावना, रीतिमुक्त रचना की स्वछन्द धारा आदि की लोक जागरण परम्परा का ही अलगा विकसित चरण था। भारतीय साहित्य में शुरू से ही दो परम्परायें रही हैं –

पहली रीतिवादी परम्परा कविता के चमत्कारी कलावादी नायिका भेद वादी भोग दृष्टि का शिकार रही है। किन्तु लोक जागरण परम्परा रीतिरूढ़ि विरोधी, स्वतंत्रता प्रेमी नये प्रयोगों की

आकांक्षी तथा गतिशील सांस्कृतिक परम्परा के सौन्दर्यबोध से लगातार विकसित होकर बढ़ी है। कहना होगा कि भारतीय साहित्य स्वछंदतावादी सृजनात्मकता के मूल में रूढ़ि–विरोधी स्वतंत्रताकामी इच्छा के तत्व हैं। इसलिए इसे लोक जागरणवादी परम्परा का ही परिस्कृत–विकसित परिणाम मानना चाहिए। इसमें वैदिक, बौद्ध कोल किरात, जैन, सिख आदि चिंतन परम्पराओं की जलधाराएँ मिलकर एक महाजलधारा बन जाती है।

भारत में ब्रिटिश राज्य में पनपने वाले स्वछंदतावाद का पूरा रूझान (ठीक से समझने पर) साम्राज्य विरोधी है। यह ठीक है कि विदेशी शिक्षा प्रयत्नपूर्वक पुराने सृजन मूल्यों को ध्वस्तकर रही थी और पश्चिमी विचारधाराओं का प्रभाव भी पड़ रहा था। नए मूल्यों विचार दृष्टियों आदि के कारण मध्ययुगीन ईश्वर चरक नैतिकता का स्थान मानव परक नैतिकता ले रही थी। प्रथम महायुद्ध की ज्वाला ने भी हमें नया अनुभव दिया था और हम दासता के बंधनों की मार का अर्थ भी समझ गये थे। परिवेश से जो ललकार उठी थी उसने भारतीय रचनाकार के मानस में नया मंथन पैदाकर दिया था। अब वह आत्मालोचन, आत्म निरीक्षण आत्मविश्लेषण, आत्म उन्मोदन तथा आत्माभिव्यक्ति के लिए विवश था। अतः वह अर्न्तमुखी हो गया, उसकी वैयक्तिक अनुभूतियों ने एक शिल्प से नये प्रयोगों में निवास पाया। मानव मुक्ति की इस व्याकुलता को साहित्यिक संवेदना में अभिव्यक्त करने वाले साहित्य को स्वछन्दतावाद कहना उचित नहीं है।

स्वछंदतावाद और छायावाद को लेकर अनेक विवाद हैं। कुछ लोग दोनों को एक मानते हैं तो कुछ दोनों में अतर करते हैं। सन् 1920 ई0 तक छायावाद का नामकरण हो चुका था। मुकुरधर पाण्डेय ने 1920 ई0 में जबलपुर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'श्रीशारदा' के जुलाई, सितम्बर, नवम्बर तथा दिसम्बर के अंको में छायावाद शीर्षक से एक लेखमाला छपवायी थी। इस लेखनमाला के अंत में श्री कुकुरधर पाण्डेय ने लिख है कि 'छायावाद की आवश्यकता हम इसलिए समझते हैं कि उसमें कवियों को भाव प्रकाशन का एक नया मार्ग मिलेगा। इस प्रकार के अनेक मार्गों, अनेक रीतियों का होना ही उन्नत साहित्य का लक्षण हैं।

डॉ0 नामवर सिंह ने छायावाद के सम्बन्ध में लिख है – छायावाद विशेष रूप से हिन्दी साहित्य के रोमाटिंक उत्थान की वह काव्यधारा है जो लगभग ईसवी सन् 1918 से 36 तक प्रमुख युगवाषी रही जिसमें प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी प्रभूति मुख्य कवि हुए और सामान्य रूप से भावोच्छवास प्रेरित स्वछंद कल्पना वैभव की वह 'स्वंछद प्रवृत्ति' है जो देश काल गतवैविध्य के साथ यही संसार की सभी जातियाँ के विभिन्न उत्थानशील युगों की आशा आकांक्षा में निरन्तर व्यक्त होती रही है। स्वछंछतावाद की उस सामान्य धारा की विशेष अभिव्यक्ति का नाम हिन्दी साहित्य में छायावाद पड़।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने स्वछंतावाद और छायावाद में अंतर किया है। उन्होंने ने अपने ग्रन्थ हिन्दी साहित्य का इतिहास में आधुनिक काल काव्य खंड नई धारा के द्वितीय उत्थान के कवियों को स्वछन्तावादी माना तथा इन कवियों की कविताओं को अंग्रेजी के रोमेन्टिसिज्य से जोड़ा। उन्होंने श्रीधर पाठक रामनरेश त्रिपाठी आदि को स्वछंतावाद कहा है। इसी क्रम में तृतीय उत्थान की कविताओं के विषय में आचार्य रामचंद्र शुक्ल का यह कथन रेखांकित करने योग्य है – 'द्वितीय उत्थान में काव्य की नूतन परम्परा का अनेक विषयस्पर्शी प्रसार आवश्यक हुआ। द्विवेदी जी के प्रभाव से एक ओर उसमें भाषा की सफाई आयी दूसरी ओर उसका रूप गद्यवत् रखा, इतिवृत्तात्मक और अधिकतर बाह्यार्थ निरूपक हो गया। अतः इसी तृतीय उत्थानों को परिवर्तन हुआ और पीछे छायावाद कहलाया, वह उसी द्वितीय उत्थान की कविता के विरूद्ध कहा जा सकता था। उसका प्रधान लक्ष्य

काव्यशैली की ओर था वस्तु विधान की ओर नहीं। अर्थभूमि या वस्तुभूमि कातो उसके भीतर बहुत संकोच हो गया। समन्वित विशाल भावनाओं को लेकर चलने की ओर ध्यान न रहा।3

इस प्रकार आचार्य शुक्ल ने छायावाद को स्वछन्दतावाद के विरूद्ध उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप आयी कविता माना। वे छायावाद को रोमंटिसिज्म कहने के पक्ष में नहीं थे। डॉ0 नामवर सिंह ने बताया है कि – आगे चलकर रोमांटिसिज्म और छायावाद का है समाप्त हो गया। सामान्य पाठक छायावाद को रोमांटिसिज्म का पर्याय समझने लगे। कुछ लोग शुक्ल जी द्वारा गढ़े हुए स्वछंदतावा को भी छायावाद कामर्याय अथवा अंग मानने लगे तथा अन्य लोग छायावाद को स्वछंदतावाद का द्वितीय उत्थान कहना अधिक युक्तिसंगत मान चले।

हिन्दी स्वछन्तावादी साहित्य को मात्र अंग्रेजी के स्वछंतदावाद का अनुकरण नहीं मानना चाहिए। दोनों आंदोलनों में लगभग सौ वर्षों का अंतर है। दोनों की मनोवृत्तियों में अंतर है। हिन्दी का स्वच्छंतावादी साहित्य आध्यात्मिक भावबोध के सहारे विकसित हुआ है। इसकी जड़े बहुत गहरी है। पंडित श्रीधर पाठक अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिओध, मैथिलीशरण गुप्त, रामनरेश त्रिपाठी तथा जयशंकर प्रसाद सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत, सुभद्राकुमार चौहान, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा नवीन, हरिवंशराय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर, आदि कवियों को एक साथ स्वछंदतवाद के अन्तर्गत ही समाहित किया जा सकता है। हिन्दी स्वछंतावाद भारतीय नवजागरण की साहित्यिक निज्यक्ति है और छायावाद हिन्दी स्वछंदतावाद की सर्वोत्तम निष्पति है।

छायावाद में जिन स्वछंदतावादी प्रवृत्तियों का सूक्ष्म और गहन विस्तार हुआ है उनके आरम्भिक बीज द्विवेदी युग की स्वछंदता वादी कविता में स्पष्टता से देखे जा सकते हैं। कविता में व्यापक रूप से स्वछंदतावाद को प्रतिष्ठित करने का श्रेय श्रीधर पाठक को है। उन्होंनें अपने को स्वछन्दतवादी कवि को घोषित किया और मुक्त जीवन के प्रति लगाव की एक भूमिका तैयार की। अंग्रेजी कवि गोल्ड स्मिथ के कई प्रबन्ध काव्यों का अनुवाद किया तथा मौलिक रचनाएँ भी कीं। इनकी मौलिक रचनाओं में प्रसिद्ध है – जगत सचाई सार। इस कविता की दो पंक्तियों स्वछन्दतावाद और पुर्नजागरण की मूलमंत्र मानी जाती है।

'जगत है सच्चा, तनिक न कच्चा
समझो बच्चा इसका भेद।

यह पंक्ति जगत को माया और प्रपंच मानने वाली विचारधारा का खण्डन करने के साथ ही जीवन यथार्थ और कर्म सौन्दर्य को गति देने वाली प्रगतिशील विचारधारा का समर्थन भी करती है। श्रीधर पाठक इसी स्वछंदतावादी धारा में रायदेवी प्रसाद पूर्ण, मुकुरधर पाण्डेय, लोचन प्रसाद पाण्डेय और रूपनारायण पाण्डेय आदि रचनाकार थे। स्वछंतावादी प्रवृतियों का उल्लेखनीय विस्फोट पं0 रामचन्द्र शुक्ल के 'मधस्रोत' और रामनरेश त्रिपाठी के पथिक मिलन और स्वप्न जैसे काव्यों में मिलता है। यहाँ स्वछन्दतावाद का सहज उल्लास सर्जजात्यक खड़ी बोली में फूटता है और प्रकृति वैभव के रंग–बिरंगे चित्र संलिष्ट रूप से सामने आते हैं। पथिक में चाँदनी का एक चित्रण इस प्रकार से है –

मध्य निशा निर्मल निरभ्र नभ दिशा विराज–विहीना
विलसित था अम्बर के उर पर अद्‌भुत एक नगीना।
उसी विशद प्रथा सर, निर्झर, तृण तूलिका, द्रुभ दल से
करती थी विश्राम परम अभिराम निरीथ कमल में।

स्वछन्दतावादी धारा के इन कवियों में लावनी ख्याल और लोक साहित्य की भावभूमि का भी स्पर्श किया। इतना ही नहीं लोक साहित्य के अभिप्रायों को कविता में स्थान भी दिया। जैसे पथिक में प्रेमी का पथिक वेश धारण करना और अंत में अब तक मृत समझी जाने वाली प्रिया से योगी की कुटी पर भेंट की। इन लोक अभिप्रायों को नवविकसित राष्ट्रीयता के भावामें में गूँथ कर जीवन का एक व्यापक चित्र प्रस्तुत किया है। इस प्रकार रचना प्रक्रिया और रचना स्वभाव दोनों स्तरों पर द्विवेदी युगीन कविता में स्वच्छन्तावाद को अभिव्यक्ति मिली है।

हरिऔध और गुप्त जी जैसे अनुशासन की धारा में चलने वाले कवियों में भी सवैया–घनाक्षरी पद्धति तथा गीत–प्रगीत पद्धती के माध्यम से आत्माभिव्यक्ति प्रधान स्वच्छंदतावादी प्रवृत्तियों का अंकुरण दृष्टिगत होता है। इस दृष्टि का उदाहरण 'यशोधरा' और साकेत के गीतों में स्पष्टतः देखा जा सकता है। चरित्रों में भी स्वच्छन्तावाद की सृष्टि हुई है जैसे प्रियप्रवास की राधा परम्परागत विरहिणी हैं। वह अपने निजी दुःख को सारे समाज के दुःख में विलीन करती हुई समाज सेवा का संकल्प धारण करती हैं। साकेत में गुप्त जी अर्मिला और सीता के चरित्रों में ऐसा ही परिवर्तन करते है। ऐसी ही स्थिति यशोधरा की है। यथा –

मेरे दुःख में भरा विश्व सुख
क्यों न भरूँ फिर में हामी
बुद्धं शरणं, संघ शरणं
धम्मम शरणं गच्छामि।

शताब्दियों से चले आते हुए परम्परागत चरित्रों में द्विवेदी युग के कवियों ने नई विचार भांगिभाओं की महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा की है। एक ओर वे चरित्र में परिवर्तन करते हैं दूसरी ओर सामयिक आंदोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी भी दिखाते हैं। जैसे साकेत में सीता का सूत कातना –

तुम अर्द्धनग्न क्यों रहों, अशेष समय में
आओं हम कातें बुने गान की लय में।

तत्कालीन नवजागरण के सभी सुधार आंदोलनों की प्रतिध्वनि यहाँ तक कि किसान मजदूर आंदोलनों की प्रतिध्वनि इस कविता में सुनाई देती है। कवि ने यहाँ निर्भय होकर कहा है –

संदेश नहीं मैं यहाँ स्वर्ग का लाया,
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया।

अपनी महिमा में यह धरती स्वर्ग से बड़ी है। इस काल की कविता का यह सबसे बड़ा स्वच्छन्तावादी संदेष है।

प्रसाद ने भारतीय जनता के दृश्य में राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत कर अत्याचारी अंग्रेज शासकों और देश द्रोहियों के प्रति खुलकर विद्रोह करने की सीख नहीं दी मनुष्यता और मानवता का पाठ पढ़ाकर नैतिक एवं आदर्श मूल्यों की प्रतिष्ठा का मंत्र भी दिया। कवि की निजी दृष्टि का मानवीय शोध और इस बोध का आर्द्रस्वर जीवन के शाश्वत उपादानों के प्रति सजग करता है –

यह नीड़ मनोहर कृतियाँ का
यह विश्वकर्म रंगस्थल है।
है परम्परा लग रही यहाँ
ठहरा जिसमें जितना बल है। 1

सामाजिक जागरण की दृष्टि से निराला काव्य का वह अंश महत्वपूर्ण है जहाँ उन्होंने समाज में फैली रूढ़ियों और विसंगतियाँ पर गहरी चोट की है। ऐसे में निराला का विद्रोही स्वच्छन्द स्वर

मुखरित हो उठता है। एक जागरूक कमलकार होने के नाते कवि को अपने समाज की पतनोमुख स्थिति देखकर मार्मिक पीड़ा अनुभव होती है। सरोज स्मृति नामक कविता में कवि इस पीड़ा को देखा जा सकता है। जहाँ कवि जाति के संकीर्ण बंधनों पर प्रहार करता है –

'सोचामन में हर बार–बार
ये कान्यकुब्ज–कुल कुलांगार
खाकर पत्तल में करें छेद
इनके करकन्या, अर्थखेद
इस विषय बेलि में विसही फल
यह दग्ध मरूस्थल नहीं सजल'

पंत जी के रचनाकार व्यक्तित्व का निर्माण पूर्व और पश्चिम दोनों के नवजागरणवादी तत्व को लेकर निर्मित हुआ। अंग्रेजी के स्वच्छतावादी साहित्य का उन्होंने मनोयोग पूर्वक अध्ययन किया। पंत जी के शब्द चयन, शब्द प्रयोग, शब्दसंस्कार शब्दचित्र, शब्नध्वनि संस्कार पर अंग्रेजी स्वच्छन्तावादी कवियों का पर्याप्त प्रभाव है। स्वच्छन्दतावाद में कल्पना, विस्मय और रम्य का संयोग रहता है। इस रूप में पंत की 'प्रथमरश्चिम' नामक कविता द्रष्टव्य है –

प्रथम रश्मि का आना रंगिणी
तूने कैसे पहचाना
कहाँ कहाँ हे बाल विहंगिनी
पाया तूने यह गाना।

महादेवी वर्मा मुक्ति की आकांक्षा का वह अलम्पित दीप जलाने वाली शक्ति हैं जो गुलामी के बड़े–बड़े तूफानों में भी सजग प्रहरी बनकर स्वतंत्रता के लक्ष्य तक पहुँचता है। यह दीपक अन्तस् को भी आलोकित करते हुए अखिल सामाजिक की युग चेतना का दीपक बन जाता है। जोनिस्था अवसाद और परतंत्रता की अंधकरमयी लहरियों को निगल जाता है। यह उनके संकल्प की अनुभूति है –

'तुम असीम तेरा प्रकाश चिर
खेलेगें नवखेल निरन्तर
तम के अणु–अणु में विद्युत सा
अमिट चित्र अंकित करता चल।
सरल सरल मेरे दीपक जल।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. डॉ0 नामवर सिंह, छायावाद पृ0 12
2. डॉ0 नामवर सिंह, आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ पृ0 17
3. रामचन्द्र शुक्ल, हिन्छी साहित्य का इतिहास, पृ0 439
4. डॉ0 नामवर सिंह, छायावाद पृ0 16
5. श्रीधर पाठक, जगत सचाई सार
6. रामनरेश त्रिपाठी, पथिक
7. मैथिलीशरण गुप्त, यशोधरा
8. मैथिलीशरण गुप्त, साकेत, अष्टमसर्ग, पृ0 227
9. मैथिलीशरण गुप्त साकेत, अष्टमसर्ग, पृ0 235

10. जयशंकर प्रसाद, कामायनी
11. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, सरोज स्मृति
12. सुमित्रानंदन पंत, प्रथम रश्मि
13. महादेवी वर्मा (नीरजा) यामा पृ0 146

भारत में विमुद्रीकरण का प्रभाव

डॉ0 उग्रसेन सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य संकाय
एम0एम0पी0जी0 कालेज कालाकॉकर प्रतापगढ़

विमुद्रीकरण वह प्रक्रिया है जिसके तहत् किसी देश की सरकार अपने देश की किसी मुद्रा (नोट) को कानूनी तौर पर प्रतिबन्धित कर देती है व प्रतिबन्ध के बाद उस मुद्रा की कोई कीमत नहीं रह जाती। उस मुद्रा से किसी प्रकार की खरीद बिक्री, लेने–देन और उसे संचित करना भी अपराध माना जाता है। मुद्रा पर प्रतिबन्ध के बाद सरकार एक समय सीमा तय करती है जिसके अंदर लोग प्रतिबन्धित किए गए नोटों को बैंको में बदलकर उसके बदले उतने ही मूल्य के अन्य वर्ग के प्रचलित नोट या फिर नए जारी किए गए नोट ले सकते हैं यदि तय सीमा के अंदर जिस प्रतिबन्धित मुद्रा को बदला नहीं जाता है यह फिर उसे बैंक में जमा नही किया जाता है तो वे सभी नोट कागज के टुकड़े या रद्दी हो जाते हैं। भारत का विमुद्रीकरण अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक इतिहास में इस अर्थ में एक अभूतपूर्व घटना थी कि इसमें सामन्य आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों में गोपनीयता और शीघ्रता दोनों बरती गई। अन्य सभी आकस्मिक विमुद्रीकरण अतिमुद्रास्फीति युद्ध राजनीतिक उथल–पुथल या अन्य प्रचंड परिस्थितियों के संदर्भ के लिए किए गए। लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर बृहत अर्थव्यवस्था और प्रभावशाली (प्रस्तावना) सुधारों के आधार पर विश्व में सर्वाधिक तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है।

विमुद्रीकरण के कारण व उद्देश्य

तब किसी देश में लोग टैक्स चोरी करने के उद्देश्य से नकद लेन–देन अधिक करने लगते हैं तो उससे मुद्रा की जमाखोरी में वृद्धि होती जाती है और फिर वही जमाखोरी धीरे–धीरे काले धन के रूप में उस देश में समान्तर अर्थव्यवस्था के तौर पर प्रचलन में आ जाती है। अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में कालेधन के रूप में मुद्रा के बाहर होने से न केवल उस देश अर्थव्यवस्था को हानि पहुॅचती है बल्कि यह देश की सुरक्षा के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन जाती है। यह कालाधन ही देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अपराध, हवाला कारोबार और तस्करी का मुख्य पोषक बन जाता हैं साथ ही दुश्मन देश इसी आपराधिक गतिविधियों की आड़ में देश में जाली मुद्रा को भारी मात्रा में झोंककर देश की आर्थिक व्यवस्था को पंगु बनाने की साजिशव रचते हैं।

भारत में सरकार द्वारा की गयी विमुद्रीकरण कार्यवाही के निम्नालिखित उद्देश्य हैं–

1. भ्रष्टाचार पर अंकुशच लगाना।
2. जाली करेंसी पर अंकुश या नियन्त्रण करना।
3. आतंकी गतिविधियों के लिए उच्च मूल्य वर्ग के नोटों के प्रयोग पर अंकुश लगाना।
4. कालेधन पर अंकुश लगाना।

8 नवम्बर 2016 का विमुद्रीकरण भारत में विमुद्रीकरण की पहली घअना नहीं थी, इससे पूर्व 1946 व 1978 में भी विमुद्रीकरण भारत में किया गया था।

विमुद्रीकरण के प्रभाव

विमुद्रीकरण को एक युगांतकारी कदम माना जा रहा है जो न केवल अर्थव्यवस्था अपितु सामाजिक आर्थिक ढॉचे की तस्वीर को भी बदलने में सक्षम है। परन्तु ऐसा नहीं है कि इसके केवल सकारात्मक प्रभाव ही पड़ेगा। भारत की विशेष स्थिति जहॉ संसाधनों के वितरण में असमानता, ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अंतराल, आधार, संरचनात्मक अंतराल तथा नीतिगत विभेद काफी अधिक हैं, के आलोक में इस नीति की सफलता एवं लक्ष्य प्राप्ति के सक्षम कुछ चुनौतियॉ भी विद्यमान है। विमुद्रीकरण के प्रभावों का अध्ययन हम निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कर सकते हैं–

आर्थिक प्रभाव

विमुद्रीकरण से अर्थव्यवस्था का सम्पूर्ण क्षेत्र यथा उपभोक्ता व्यवहार समष्टि आर्थिक प्रभाव लोक वित्त विदेशी, व्यापार उत्पादन, रोजगार, निवेश, आय वितरण आदि प्रभावित होंगे। इन पर पड़ने वाले समस्त सकारात्मक प्रभाव का विश्लेषण निम्नलिखित है–

30 दिसम्बर 2016 तक देश में चलन में मुद्रा की मात्रा में तजी से गिरावट आई दीर्घकालीन अवधि में इसमें सुधार यद्यपि होगा, तथापि यह अपेक्षाकृत निचले स्तर पर ही निर्धारित होगी। जब से नए नोट बंद हुए हैं, हवाला करोबार ठप्प पड़ गयाच है, क्योंकि ये पूरा कारोबार कैश में ही होता है। देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में कैश हवाला के जरिए ही पहुॅचाया जाता हैं। इसमें टैक्स की भी चोरी होती है और पहले से ज्यादा ब्लैक मनी जेनरेट होती है। नोटबंदी से इस अवैध कारोबार पर भी लगाम लगेगी। विमुद्रीकरण के कारण शुरू में लोगों को नकदी या कैश पेमेट की दिक्कते हुयीं लेकिन इससे अर्थव्यवस्था कैशलेस की ओर बढ़ रही है इससे एक ओर तो आइटी सेक्टर को लाभ होगा और दूसरी तरफ कैशलेस अर्थव्यवस्था में कालेधन की सम्भावनाओं पर भी काफी हद तक नियन्त्रण पाया जा सकेगा।

विमुद्रीकरण के बाद कालेधन के एक बड़े भाग का अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आने से बैंको में डिपॉजिट बढ़ेगें। बैंको के पास पर्याप्त मात्रा में नकदी आने से वे कर्ज का प्रवाह बढ़ाएगें। ऋण का प्रवाह बढ़ाने के लिए बैंको के लिए लाजिमी हो जाएगा कि वे कर्ज पर ब्याज दर में कटौती करें। ऐसा होने पर जहाँ व्यावसायिक गविधिनियों में तेजी आएगी, वही पिछले दो सालों से मंदी की मार झेल रहे रियल सेक्टर में उठछा आएगा। परिणामस्वरूप मकानों की बिक्री बढ़ने के साथ सस्ते घर का भी सपना पूरा होने की उम्मीद है।

500–1000 के नोट पर पाबंदी से रियल एस्टेट पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है। पिछले दो ढाई साल से ब्लैक मनी पर जो चोट हुई है उससे ये सेक्टर पहले से ही सदमे में है। रियल एस्टेट में पिछले दो ढाई साल से रेट तकरीबन ज्यों के त्यों हैं माना जाता है कि सबसे ज्यादा ब्लैक मनी इसी सेक्टर पर खपाई जाती है। नोटबंदी के बाद माना जा रहा है कि बैंक की दरें घटेगी जबकि फ्लैट की कीमतें नीचे आएंगी यानी अपने घर का सपना देखने वाले लोगों के वाकई अच्छे दिन आ सकते है।

500–1000 के पुराने नोटों पर पाबंटी लगने से शैडो बैंकिंग बंद होगी। इसमें सबसे बड़ा फायदा यह होग कि अर्थव्यवस्था में वित्तीय स्थिरता को खतरा कम होगा शैडो बैंकिंग का मतलब है बैंक जैसी गतिविधियॉ करना। इस पर बैकिंग सिस्टम के बाहर जो लोग या संस्थान वित्तीय लेने–देन करते हैं उन्हें शैडो बैकिंग की श्रेणी में रखा जाता है।

बैंक शाक्तिशाली बनेंगे तो इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा – भारतीय बैंको के नान परफोर्मिंग एसेट्स विश्व के अच्छे देशों की अपेक्षा बहुत उच्च स्तर पर है। इनका अर्थ यह है कि जो पैसा बैकों से

जनता में आता है उसका चक्रण होकर पुनः वह बैंको को देगा जिससे कि NPA सूचकांक नीचे आएगा। इस तरह बैंको के पास इन्फ्रा के विकास हेतु निवेश की अधिक क्षमता होगी और जनता को ज्यादा पैसा कम ब्याज पर मिलेगा और लोगों को स्व–रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सामाजिक प्रभाव

विमुद्रीकरण के बाद सरकार के हिस्से में आई रकम से सरकार लोक, कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाएगी और पहले से चल रही योजनाओं के बजट में भी वृद्धि कर सकेगी। सरकार ने इसके संकेत भी दिए है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिस प्रकार मकानों के निर्माण के तय लक्ष्य और कम ब्याज के साथ मकान निर्माण के लिए दिए जाने वाले आर्थिक सहायता को बढ़ाया गया है, उससे सरकार की भविष्य के प्रति मंशा स्पष्ट होती है। विमुद्रीकरण के बाद सरकार की मुद्रा योजना को बल मिलेगा। नरेन्द्र मोदी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को बैंको से अभी पूरा सहयोग नहीं मिल रहा था इसकी वजह थी बैंको के पास नकदी का संकट परन्तु अब जब बैंको में नकदी का प्रवाह बढ़ा है तो बैंक व्यावसायिक गतिविधियों में ऋण का प्रवाह बढ़ाएगें। इससे औद्योगिक गतिविधियाँ बढ़ेगी और परिणामस्वरूप रोजगार सृजन में बढोत्तरी होगी।

500–1000 के नोटों पर पाबंदी से आतंकवाद के वित्तीय स्रोत पर भी चोट लगेगी। नकली नोट रदी हो गए, अवैध रूप से जमा कैश बेकार हो गया। आतंकी संगठनों में अवैध रूप से प्रयुक्त हो रही भारतीय मुद्रा पर लगाम लगेंगी। पाक से नेपाल और बांग्लादेश्ज्ञ के रास्ते भारत आ रहे नकली नोटों का प्रयोग ही देश विरोधी गतिविधियों में किया जाता है। इसलिए नए नोट आतंकवाद पर भी लगाम लगाएगे।

आर्थिक सर्वेक्षण 2016–17 में विमुद्रीकरण अधिकतम दीर्घकालीन लाभ और न्यूनतम अल्पकालीन प्रतिकूल प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित सुझाव लिए हैं–

1. पुनर्मुद्रीकरण में तेजी लाई जाए और विशेष रूप से नकदी निकासी सीमा को जल्द खत्म करने के साथ–साथ नकदी को जमा राशि में मुक्त रूप से परिवर्तित करना भी सुनिश्चित किया जए। इससे आर्थिक विकास में आई सुस्ती के साथ–साथ नकदी जमा करने की प्रवृत्ति भी कम होगी।
2. डिजिटलीकरण को यह सुनिश्चित करते हुए निरंतर बढ़ावा दिया जाए कि यह बदलाव धीरे–धीरे एवं समावेशी हो और नियंत्रणों के बजाय प्रोत्साहनों पर आधारित पहो और इसके साथ ही नकदी बनाम डिजिटलीकरण के प्रतिकूल प्रभावों एवं फायदों में उपर्युक्त संतुलन में बैठाया जाए।
3. विमुद्रीकरण का अनुसरण करते हुए भूमि एवं अचल सम्पत्ति को जी0एस0टी के दारे में लाया जाए।
4. एक बेहतर प्रणाली स्थापित की जाए जो और जयादा संख्या में आय घोषणा को बढ़ावा दे।
5. कॉपोरिट कर की दर को कम करने की गति को बढ़ाया जाए।
6. कर प्रशासन में सुधार किया जाए ताकि विवेक का प्रयोग घटाया जा सके एवं उत्तरदायित्व को बढ़ाया जा सके।
7. अंततः यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कर संग्रह के प्रयास के दौरान कर अधिकारियों को प्रताड़ना का शिकार न होना पड़े, करदाताओं एवं कर अधिकारियों के बीच सहज सम्पर्क

हो, ऑनलाइन प्रणाली का अधिकाधिक प्रयोग हो, केन्द्र–राज्यों के बीच अधिकाधिक समन्वय एवं डाटा आदान–प्रदान हो।?

विमुद्रीकरण के बाद करदाताओं में वृद्धि

विमुद्रीकरण का एक लक्ष्य अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को बढ़ाना और अधिकाधिक भारतीयों को आय कर जाल में लाना था जिसमें केवल 59.3 मिलियन करदाता शामिल है। (कर भरने वाले और 2015–16 में जिनके कर की स्रोत पर कटौती की गई) ये अनुमानित गैर–कृषि कार्य बल के 24.7 प्रतिशत के समकक्ष है। क्या यह हुआ है और किस हद तक हुआ है? प्रथम दृष्टि में ऐसा लगता है कि नए करदाताओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। विमुद्रीकरण (नवम्बर 2016–नवम्बर 2017) 13 महीनों में नए पकर दाताओं की कुल संख्या की तुलना पहले के 13 महीने के समय से की गई। नवम्बर 2016 के बाद 10.1 मिलियन कर भरने वाले जोड़े गए जबकि पहले के छः वर्षो में औसत 6.2 मिलियन थी नवम्बर 17 तक करदाताओं का स्तर इस प्रवृत्ति से प्राप्त संकेत से 31प्रतिशत अधिक था जो सांख्यिकीय रूप से बहुत अधिक अन्तर दर्शाता है।

सन्दर्भ सूची–

1. मिश्र एवं पुरी, भारतीय अर्थव्यवस्था, हिमालया पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
2. वार्षिक रिपोर्ट – ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार
3. रूद्र दत्त एवं सुन्दरम,1998, भारतीय अर्थव्यवस्था, एस चन्द एण्ड कम्पनी लि. नई दिल्ली
4. माता बदल शुक्ल – व्यवसायिक वित्त
5. प्रो0 एस0एन0 इलाहाबाद – भारतीय अर्थव्यवस्था
6. भारत – 2018

उच्च शिक्षण संस्थानों का शैक्षिक पर्यावरण

डॉ0 विनीता सिंह
एसोशिएट प्रोफेसर– शिक्षा संकाय,
एम0एम0पी0जी0 कालेज, कालाकांकर, प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

शिक्षा को व्यवस्थित एवं निर्देशित करने वाली संस्थाएँ विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय हैं। इन्हीं संस्थाओं में व्यक्तिव–निर्माण के साँचे तैयार होते हैं और उन्हीं साँचों में ढलकर सामाजिक, सांस्कृतिक राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रतिभाओं का निर्माण होता है। ये ही प्रतिभाएँ समाज, राज्य एवं राष्ट्र को सदृढ़, समृद्ध एवं विकासशील बनाती हैं। इसी सन्दर्भ में कोठारी आयोग ने कहा है कि भारत के भाग्य का निर्माण शिक्षा संस्थाओं में होता है।' सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन् के अनुसार शिक्षा अपरोक्ष गतिविधि नहीं है अपितु उभयात्मक अन्तःक्रियात्मक गतिविधि है। शिक्षा रिक्त पात्र में सूचना भर देने की प्रक्रिया नहीं है, अपितु वृद्धि की प्रक्रिया है, जैविक रूप से प्रदत्त मानव–मस्तिष्क–प्रणाली और वास्तविकता तथा सामाजिक संसार के बीच अन्तःक्रियाओं से उत्पन्न परिपक्वता की प्रक्रिया है। प्लेटो के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य आत्मा के चक्षुओं को प्रकाश की ओर उन्मुख करना है। स्वामी विवेकानन्द का तो मानना है कि किसी के मस्तिष्क में उसे अच्छी तरह से आत्मसात् किए बिना केवल अस्त–व्यस्त जानकारियाँ जमा कर देना ही शिक्षा नहीं है। शिक्षा से तो जीवन–निर्माण, चरित्र–निर्माण एवं विचारों का आधार परिपक्व होता है। अतः शिक्षा–संस्थाओं का मुख्य प्रयोजन ज्ञान का बहुआयामी विकास, प्रकृति के रहस्यों का उद्घाटन, समाज में मूल्यबोध एवं दायित्व–बोध का विस्तार, मानवीकरण की प्रक्रिया का निर्धारण, समाज के पीढ़ीगत परिवर्तन का दिशा–निर्देश है। शिक्षा–संस्थाएँ अपने इस प्रयोजन में उसी हद तक सफल हो पाती हैं जिस हद तक उनका शैक्षिक परिवेश सकारात्मक एवं सृजनात्मक रहता है। शैक्षिक परिवेश किसी भी स्थान विशेष की वह वस्तुस्थिति है जिसमें रहने वाले अध्ययन–अध्यापन, अनुसन्धान, बौद्धिक परिचर्या तथा अन्य माध्यमों से ज्ञान के आदान–प्रदान तथा विकास की प्रक्रिया में संलग्न रहते हैं। इस शैक्षिक परिवेश के निर्माण की प्रमुख इकाइयाँ है – अध्ययन, अध्यापन तथा ज्ञान के विकास के प्रति समर्पित शिक्षक, ज्ञानार्जन हेतु उत्सुक एवं आतुर छात्र, मौलिक चिन्तन को प्रोत्साहित करने वाले सन्दर्भ–ग्रन्थों एवं शोध–पत्रिकाओं से सम्पन्न एवं सुसज्जित पुस्तकालय एवं वाचनालय, उपकरणों से सम्पन्न प्रयोगशालाएँ, छात्रों एवं अध्यापकों की बौद्धिक अपेक्षाओं को पूरा करने में रुचि लेने वाला प्राचार्य तथा पर्याप्त वित्तीय संसाधन। किसी भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय से यह अपेक्षा की जाती है कि शैक्षिक परिवेश हेतु अपेक्षित सभी चीजें उसमें विद्यमान होंगी, क्योंकि प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय अपने आप में शैक्षिक परिवेश हुआ करते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शैक्षिक परिवेश को उच्चस्तरीय एवं सृजनात्मक बनाने हेतु जो पहल की है, जो सुविधाएँ प्रदान की हैं उनका समुचित प्रयोग करने वाली शिक्षा–संस्थाओं का शैक्षिक परिवेश निर्विवाद रूप से सृजनात्मक एवं उच्चस्तरीय हुआ है। किन्तु अधिकांश महाविद्यालय या तो इन सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पाते या दुरुपयोग किया करते हैं। ऐसे महाविद्यालयों का

शैक्षिक परिवेश इतना विकृत होता जा रहा है कि शिक्षा–शास्त्रियों द्वारा निर्धारित उच्च शिक्षा की प्रथम शर्त व्यक्ति को सभ्य, सुसंस्कृत, चरित्रवान एवं प्रतिभा सम्पन्न बनाना गलत सिद्ध हो रहा है। ऐसे महाविद्यालयों के वे छात्र प्रतिभासम्पन्न हैं, जिनमें ज्ञानार्जन की ललक है, जो अध्यापकों के निर्देशन में पुस्तकालयों एवं प्रयोगशालाओं के माध्यम से मेहनत करके समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं, वे विकृत शैक्षिक परिवेश के चलते दिशाहीन एवं असामाजिक प्रवृत्तियों के शिकार होते जा रहे हैं। वे शिक्षा–संस्थाएँ जो समाज एवं राष्ट्र को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनाने के लिए निर्मित हुई हैं, जिनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेंगी तथा उन्हें सामाजिक उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध बनाएँगी वे आज राष्ट्र एवं समाज को कमजोर बनाने वाले छात्रों का निर्माण करती जा रही हैं।

यह सही है कि सामाजिक परिवर्तन के संदर्भ में विकसित हो रही भोगवादी संस्कृति, मीडिया द्वारा प्रचारित अपसंस्कृति, बेरोजगारी द्वारा विकसित हो रही दिशाहीनता तथा स्वार्थ–विन्यासित सत्ता तथा राजनीति द्वारा उत्पन्न राजनीतिक प्रदूषण ने शिक्षा–संस्थाओं के शैक्षिक परिवेश को विकृत करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। किन्तु यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन प्राचार्यों, शिक्षकों एवं छात्रों की पहल पर शैक्षिक परिवेश सृजनात्मक हुआ करता है उनकी गतिविधियाँ शैक्षिक परिवेश को विकृत करने में कम जिम्मेदार नहीं है।

महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्रों में ऐसे छात्रों की संख्या क्रमशः बढ़ती जा रही है जिनकी कार्य–पद्धति शैक्षिक कम तथा असामाजिक एवं राजनीतिक अधिक हुआ करती है। ऐसे छात्रों के प्रवेश लेने का एक मात्र उद्देश्य किसी तरह डिग्री प्राप्त करना, समय व्यतीत करना तथा छात्रों के बीच राजनीति करना होता है। ज्ञानार्जन में न तो इनकी कोई रुचि होती है, न इसके लिए वे कोई पहल करते हैं। ये स्वयं तो ज्ञानार्जन की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं होते, दूसरों को भी ज्ञानार्जन की प्रक्रिया से विरत रखने की पहल किया करते हैं। ये ही छात्र अध्यापन कक्ष एवं महाविद्यालय के शैक्षिक परिवेश को न तो सृजनात्मक होने देते हैं और न अनुशासनात्मक। प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा निर्धारित नियमों के उल्लंघन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना तथा कभी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देना इनका स्वभाव है जिनसें प्राचार्य एवं शिक्षक नियम विरुद्ध कार्य करने के लिए विवश हो जाएँ। जिन छात्रों को पुस्तकालय, वाचनालय, प्रयोगशाला या अध्यापन कक्ष में रहना चाहिए, वे ऐसे छात्रों के साथ महाविद्यालय के बरामदे या गलियारे या लॉन में ऐसी गतिविधियों में व्यस्त देखे जाते . हैं जिनसे ज्ञानार्जन का कुछ भी लेना–देना नहीं रहता। ऐसे छात्रों की बढ़ती संख्या के चलते शैक्षिक परिवेश के वे प्रोत्साहक तत्व प्रभावहीन होते जा रहे हैं जिनके चलते अध्ययन–अध्यापन की प्रक्रिया सृजनात्मक एवं सकारात्मक हुआ करती है।

ये ही छात्र परीक्षा–भवन में परीक्षा की पवित्रता पर भी प्रश्न–चिह्न उपस्थित कर दिया करते हैं। इनके लिए किसी के साथ उलझना या झगड़ा करना सामान्य बात होती है। परीक्षा–संचालक या निरीक्षक इनके साथ उलझने से जितना ही बचना चाहते हैं उतना ही परीक्षा की पवित्रता संदेह के घेरे में आती जाती है और अन्ततः केन्द्राध्यक्ष एवं कक्ष–निरीक्षक परीक्षा के साथ हो रहे खिलवाड़ के मूल दर्शक बनके रह जाते हैं।

ये ही छात्र वर्षपर्यन्त अपनी छवि को उभारने की पहल करते रहते हैं। अनिर्धारित अवधि तक छात्रों का प्रवेश कराते रहना ये अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। छात्र–संघ के निर्वाचन के बाद अधिकांश ऐसे ही छात्र छात्रसंघ के पदाधिकारी बन जाते हैं। ये पदाधिकारी बात तो महाविद्यालय के विकास एवं व्यवस्था की करते हैं, किन्तु काम वही करते हैं जिससे विकास बाधित हो जाए, व्यवस्था

विकृत हो जाए। ज्ञानार्जन–विरोधी मोर्चा बना कर गैर–शैक्षिक गतिविधियों को महाविद्यालय में प्रोत्साहित करते रहना इनका स्वभाव बन जाता है। इन्हीं के चलते कुछ लोग महाविद्यालय को आसमाजिक तत्वों का प्रशिक्षण केन्द्र या आश्रय–स्थल कह दिया करते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य, जिन्हें छात्रों एवं अध्यापकों की अपेक्षाओं को पूरा करने, पुस्तकालय, वाचनालय, प्रयोगशालाओं को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने एवं महाविद्यालीय प्रबन्ध–व्यवस्था को उच्चस्तरीय शैक्षिक परिवेश के अनुरूप बनाने में अपनी बुद्धि एवं क्षमता का प्रयोग करना चाहिए, वे या तो धन–संग्रह के लोभ में, या आत्मीयजनों के दबाव में या अनुशासनहीन छात्रों के दबाव में अध्यापकों की अध्यापन–क्षमता एवं अध्यापन–कक्ष की समायोजन क्षमता का ध्यान दिए वगैर अधिक से अधिक छात्रों का अनिर्धारित अवधि तक प्रवेश लेते रहते हैं और असीमित छात्र–संख्या से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के अपनी बुद्धि एवं क्षमता का प्रयोग करते रहते हैं। वे न तो महाविद्यालय में अनुशासनात्मक एवं सृजनात्मक परिवेश दे पाते हैं, न शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्व के प्रति पूर्णरूपेण जागरूक रख पाते हैं।

महाविद्यालय के अधिकांश अध्यापक जिन्हें अध्ययन–अध्यापन के प्रति समर्पित, छात्रों के बीच स्वतः ज्ञान प्राप्त करने की ललक एवं विद्या का विकास करते रहना चाहिए उनके कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन करते हुए उनके ज्ञानार्जन के स्वरूप को परिष्कृत एवं परिमार्जित करते रहना चाहिएय वे शैक्षिक गतिविधियों में अरुचि प्रदर्शित करने लगे हैं। छात्रों में स्वतः ज्ञान प्राप्त करने की विद्या को विकसित करना तो दूर रहा, एक सूचना केन्द्र के रूप में भी समुचित ज्ञान नहीं दे पा रहे है।

ज्ञानार्जन की जगह धनार्जन–हेतु ट्यूशन, कोचिंग एवं अन्य शिक्षणेतर कार्यों में रुचि लेना उनका स्वभाव बनता जा रहा है। कुछ ऐसे भी अध्यापक देखा जा रहे हैं जो अपने स्थायी निवास–स्थान (जो महाविद्यालय से सौ किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है) से आकर पढ़ाने की सुविधा का लाभ देने लगे हैं। ऐसे अध्यापक उपस्थिति–पत्रिका में अपनी उपस्थिति दर्ज करना जितना आवश्यक समझते हैं उतना पढ़ना नहीं। वे महाविद्यालय को बन्द रखने में जितना उत्साह प्रदर्शित करते हैं उतना खोलने में नहीं। ये अध्यापक अपनी कक्षाओं के संचालन में प्रायः अनियमित रहा करते हैं। ऐसे अध्यापकों के संबन्ध में जब प्राचार्य से छात्र शिकायत करते हैं, तो वे अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए समस्या को टालते रहते हैं। इसी का परिणाम है कि अध्यापन–विहीन कक्षाओं में निरन्तर ज्ञानार्जन के प्रति अभिरुचि का अभाव, छात्रों के बीच अध्यापकों के प्रति अनास्था का विकास।

अनुदान को गुणवत्ता से जोड़ा जाय

1. शिक्षकों एवं छात्रों के बौद्धिक उन्नयन हेतु महाविद्यालय को जो भी हामा अनुदान प्राप्त हो उसकी जानकारी अध्यापकों को हो, उसे सुनिश्चित किया जाए।
2. अनुदान–सम्बन्धी खर्च के निर्णय की प्रक्रिया में महाविद्यालयीय विभागाध्यक्षों की भागीदारी को सुनिश्चित किया जाए।
3. सभी विभागाध्यक्षों को अपने विभाग से सम्बन्धित सन्दर्भ–ग्रन्थों, शोध–पत्रिकाओं एवं उपकरणों की खरीद को सुनिश्चित करने हेतु उन्हें अनुदान आयोग के प्रति व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाए।
4. शिक्षकों से प्रतिवर्ष नियमित रूप में अनुदान आयोग से प्राप्त उनके विषय से सम्बन्धित अनुदान के सदुपयोग को सुनिश्चित करने हेतु प्रगति–आख्या माँगी जाए।

5. प्रत्येक विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त दो–दो शोध–पत्रिकाओं को, जो विषय के नये आयामों को उद्घाटित करती हों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की पहल पर महाविद्यालय में प्रेषित किया जाए और सम्बन्धित अध्यापकों से उसकी प्राप्ति को सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों के अधिकांश अध्यापक ऐसी पत्रिकाओं को पढ़ना तो दूर की बात है, जानकारी भी नहीं रखते। यदि जानकारी रखते भी हैं, तो उसे महाविद्यालय में 'मँगा नहीं पाते।

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में नियुक्त अध्यापकों की संख्या में अंतः महाविद्यालयीय समायोजन द्वारा सन्तुलन स्थापित किया जाए

त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम लागू होने के बाद भी कुछ महाविद्यालयों में किसी विषय में एक ही अध्यापक कार्यरत है, कुछ विषयों में तीन–तीन या चार–चार अध्यापक कार्यरत हैं जबकि इन विषयों की छात्र–संख्या लगभग बराबर रहा करती है। किसी–किसी विषय में अध्यापक के सेवामुक्त होने के बाद भी कई वर्ष तक अध्यापक की नियुक्ति नहीं हो पाती और उस विषय को छात्र बिना अध्यापक के ही पढ़ते रहते हैं। प्राचार्य उच्च शिक्षा निदेशालय को पदरिक्ति की सूचना भेजकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लिया करते हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय तथा उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग उस रिक्त पद पर की जाने वाली नियुक्ति को निर्धारित समय के अन्दर सुनिश्चित नहीं कर पाता। परिणामतः कुछ विषयों के अध्यापक सप्ताह में कुछ दिन पढ़ाते हैं, कुछ विषयों के अध्यापक (जो अकेले हैं) सभी कक्षाओं का संचालन समुचित ढंग से नहीं कर पाते तथा अध्यापकविहीन छात्र जैसे–तैसे अध्ययन करने को विवश होते हैं।

इस विसंगतिपूर्ण व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के जिन विभागों में आवश्यकता से अधिक अध्यापक हैं, उन्हें उन महाविद्यालयों में स्थानान्तरित किया जाए जहाँ अध्यपाकों की कमी या अभाव के कारण अध्यापन–कार्य समुचित ढंग से सम्पन्न नहीं हो पाता।

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में अपेक्षित पदों के सृजन हेतु उच्च शिक्षा निदेशालय के तथा रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु महाविद्यालय से सूचना प्राप्त हो जाने के बाद उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग की जिम्मेदारी को सुनिश्चित किया जाए। इसे प्राचार्य की पहल पर न छोड़ा जाए। पद–सृजन के नाम पर कुछ लोगों को सौदेबाजी का अवसर न दिया जाए। प्रायः यह देखा जाता है कि प्रतिवर्ष पदसृजन हेतु महाविद्यालय से अपेक्षित प्रपत्र सभी शर्तों को पूरा करते हुए भेजा जाता हैं, किन्तु पदसृजन की पत्रावली पर कुछ महाविद्यालयों के सम्बन्ध में निर्णय ले लिए जाते हैं और कुछ के सम्बन्ध में कई वर्ष बाद तक निर्णय नहीं लिए जाते जबकि अपेक्षित शर्तों को दोनों तरह के महाविद्यालय समान रूप से पूरा करते है।

उच्च शिक्षा में अभिरुचि रखने वाले छात्रों के नामांकन को सुनिश्चित किया जाए

यदि उच्च शिक्षा का मुख्य प्रयोजन युवक एवं युवतियों में सृजनात्मकता, मौलिकता तथा समस्याओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करने की क्षमता बढ़ाना तथा परम्परागत शिक्षा पद्धति में आवश्यक परिवर्तन कर ऐसी प्रक्रिया तैयार करना है जिससे ज्ञान के क्षितिज में नई ऊँचाइयाँ छुई जा सकें, तो ऐसे छात्रों के प्रवेश का कोई औचित्य नहीं है, जो अध्ययन में कोई रुचि नहीं रखते, जो केवल समय व्यतीत करने एवं छिछली राजनीति करने के लिए महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। इस सन्दर्भ में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड को यह सुझाव कि केवल उन्हीं छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति दी जाए, जिनके लिए यह शिक्षा भविष्य में आवश्यक हो तथा कोठारी आयोग का यह सुझाव

कि चयनात्मक प्रवेश–प्रणाली का उपयोग कर केवल योग्य छात्रों को ही उच्च शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश दिया जाए, अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। इन सुझावों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कुछ नियमों का पालन अपेक्षित है –

1. एक निर्धारित मानक के अनुसार सभी महाविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय ज्वैन्ट में वि. वि. की देखरेख में महाविद्यालयों में चयनात्मक प्रवेश–परीक्षा अनिका कराई जाए।
2. प्रत्येक महाविद्यालय में उसकी क्षमता के अनुरूप प्रवेशार्थियों का निर्धारण किया जाए।
3. महाविद्यालय में प्रवेश की एक निचित समय सीमा हो।
4. यह सुनिश्चित किया जाए कि एक निर्धारित तिथि के बाद परीक्षा फार्म म वि. वि. में जमा नहीं होंगे।
5. विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के MER बाद भी अतिरिक्त रुपया प्राप्त कर फार्म जमा करते रहने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।

अध्यापकों एवं छात्रों के बीच उभयात्मक अन्तः क्रियात्मक शैक्षिक प्रक्रिया कोश सुनिश्चित किया जाय

अध्यापक अपनी निर्धारित कक्षाओं में व्याख्यान देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लिया करते हैं। प्राचार्य की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं दे पाते जिससे छात्रों के छोटे–छोटे समूहों के साथ बैठकर अध्यापक उनकी ज्ञानार्जन विद्या का आकलन कर सकें, उनके कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन कर सकें उनकी लेखन–सम्बन्धी त्रुटियों को दूर कर तथा उनकी शंकाओं का समाधान कर उनके शैक्षिक स्तर में क्रमशः सुधार ला सकें। परिणामतः छात्रों में अपने विषय का पूर्ण बोध होना तो दूर रहा, सम्यक् जानकारी भी नहीं हो पाती।

अतः आज यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी अध्यापक छात्रों की चिन्तन–विधा एवं लेखन–विधा को उच्चस्तरीय एवं सृजनात्मक बनाने हेतु प्रतिदिन कम से कम एक धण्टे उनके साथ बैठकर विचार–विमर्श द्वारा उनकी ज्ञानार्जन विधा को विकसित करें। उनकी सोच के क्षितिज को व्यापक, बनाने की पहल करें। यदि सप्ताह में प्रत्येक अध्यापक हेतु 24 वादन निर्धारित हैं तो 18 वादन व्याख्यान द्वारा 6 वादन विचार–विमर्श द्वारा अध्यापन–कार्य करें। छात्रों के बीच अध्यापकों की अर्न्तग्रस्तता को बढ़ा कर ही छात्रों के बीच फैल रहीं अनुशासनहीनता, ज्ञानार्जन के प्रति विकसित हो रही अरुचि तथा अध्यापकों के प्रति विकसित हो रही अनास्था को नियन्त्रित किया जा सकता है या समाप्त किया जा सकता है।

प्रशिक्षण विभाग में उन्हीं के प्रशिक्षण को सुनिश्चित किया जाए जिन्हें अध्यापन कार्य करना हो

बी. एड. की डिग्री प्राप्त कर छात्र उन विभागों में नौकरी तलाशते हैं जिनमें प्रशिक्षण की न तो कोई उपयोगिता होती है, न महत्व। प्रशिक्षित छात्रों को अध्यापक बनाने की जगह छात्रों को ही अध्यापक नियुक्त कर प्रशिक्षित करना ज्यादा उपयोगी एवं लोकहितकारी सिद्ध होगा। इससे उन छात्रों का प्रशिक्षण–सम्बन्धी काम, रुपया एवं समय न तो बेकार होगा और न उनके जीवन की दिशाहीनता को बढ़ाने में सहयोगी होगा। आजकल ऐसे छात्रों को प्रशिक्षण की डिग्री प्रदान की अध्यापक नियुक्त किया जा रहा है, जिन्हें न तो शुद्ध लिखना आता है, और न शुद्ध पढ़ना। आज ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश बच्चे प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में ऐसे ही अध्यापकों से शिक्षा प्राप्त करने को विवश हैं। इसी का परिणाम है कि ग्रामीण महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले अधिकांश छात्र शुद्ध बोलना, शुद्ध पढ़ना एवं शुद्ध लिखना नहीं जानते। यदि अध्यापक बनाने की यही प्रक्रिया चलती रही, तो सम्भव है आनेवाली पीढ़ी के अधिकांश छात्र प्रतिभा रहते हुए भी मूर्ख बनने को विवश होंगे।

अतः इस स्थिति में परिवर्तन लाने के लिए प्रशिक्षण विभाग में चयनात्मक प्रवेश परीक्षा का आधार लिखने एवं पढ़ने की शुद्धता को भी बनाया जाना चाहिए।

योजना में लगभग सवा तीन खरब रुपये की योजना बनाई गई। सर्वविदित है कि वर्तमान स्थिति में हमारी आय का बहुत बड़ा हिस्सा शिक्षा पर प्रतिवर्ष खर्च हो जाता है। आज के अर्थ युग में हमें सोचना चाहिए कि हमने जितनी पूँजी लगाई उसके अनुपात में हमें कितना मुनाफा हुआ। विचार करने पर मुनाफा दिखाई ही नहीं देता। अतः आवश्यक है कि हम उच्च शिक्षा के गिरते स्तर को ऊपर उठायें, एक हाथ से खर्च करें, तो दूसरे हाथ से पायें, अपने देश के भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए उस की नींव यानी शिक्षा को सर्वोपयोगी बनायें।

सन्दर्भ–सूची

1. श्री सूरजभान, शिक्षा के नये प्रयोग
2. चौधरी, राम खेलावन, शिक्षा के सिद्धान्त और समस्याएँ समता प्रेस ।
3. लाला लाजपत राय, द प्रॉब्लम ऑफ नेशनल एजूकेशन इन इण्डिया
4. हमारी शिक्षा–नीति, शिक्षा के सेमिनार में पढ़े गये निबंध–विषय
5. प्रो0 केसरी कुमार, बचनदेव कुमार, शिक्षा–नीति से सम्बन्धित निबंध की पुस्तकें
6. मुखर्जी, एस. एन., हिस्ट्री ऑफ एजूकेशन इन इण्डिया
7. श्री ए. एन. बसु, एजूकेशन इन मॉडर्न इण्डिया
8. जोशी, पी.सी., उच्च शिक्षा उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति तथा आवश्यकताएँ पत्रिका।
9. – गोयल, अरुण तथा गोयल, एस.एल., उच्च शिक्षा पत्रिका।